तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **शैतान सिंह** **बनाम** **लोक सूचना अधिकारी, (तहसीलदार शेरगढ़)** सू.अ.अपील संख्या–ऑनलाईन अपील संख्या 353853823697026	न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
09/03/26	अपीलार्थी शैतान सिंह निवासी प्लॉट नं. 15, गोपाल वाडी, गढ़ गोविन्द, चौपासनी, जोधपुर द्वारा लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार शेरगढ़) को सूचना का अधिकार के तहत प्रार्थना पत्र दिनांक 01.01.2026 ग्राम पंचायत तिवना के गांव टिम्बड़ी के खसरा संख्या 57/1, 58/1 व 16 में जालम सिंह पुत्र श्री रणजीत सिंह द्वारा किये गये अवैध कब्जे को सम्पूर्ण रूप से हटवाने से व पटवारी श्री दिलीप सिंह के विरूद्ध खिलाफ कानूनी कार्यवाही से संबंधित दस्तावेज के संबंध में सूचना व अन्य विविध सूचना के लिए प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील में रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार शेरगढ़) को नियत सुनवाई तिथि को आवश्यक दस्तावेज सहित (तथ्यात्मक) उपस्थित होने एवं अपीलार्थी को सुनवाई तिथि हेतु आरटीआई पोर्टल के माध्यम से नोटिस जारी किया गया। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। नियत सुनवाई तिथि पर रेस्पो. पक्ष अनुपस्थित एवं अपीलार्थी अनुपस्थित। रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार शेरगढ़) से पत्रांक 165 दिनांक 25.02.2026 द्वारा प्राप्त तथ्यात्मक रिपोर्ट अनुसार आवेदनकर्ता द्वारा वांछित सूचना कार्यालय के पत्र दिनांक 23.01.2026 द्वारा प्रेषित की जा चुकी है। अतः लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार शेरगढ़) की उपरोक्त तथ्यात्मक रिपोर्ट के आधार पर अपील खारिज योग्य होने से अस्वीकार की जाती है। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (गौरव अग्रवाल) जिला कलक्टर, जोधपुर	

Signature valid
Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation: Collector & District Magistrate
Date: 2026.03.09 13:22:53 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 20925338